लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. *354
25 मार्च,2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन के तहत स्टार्ट-अप

***354. श्री सुरेश कुमार कश्यप:**

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार वित्त पोषण, बुनियादी ढांचे और नीतिगत सहायता के मामलों में स्टार्ट-अप की सहायता किस प्रकार करती है तथा हिमाचल प्रदेश में कितने स्टार्ट-अप पंजीकृत हैं;

(ख) ये चार स्टार्ट-अप राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) के साथ-साथ किस प्रकार वस्त्र उद्योग के व्यापक लक्ष्यों के अनुरूप हैं;

(ग) क्या निकट भविष्य में इस पहल का विस्तार करने के साथ-साथ और अधिक संख्या में स्टार्ट-अप को मंजूरी देने की कोई योजना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र मंत्री
(श्री गिरिराज सिंह)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

एनटीटीएम के तहत स्टार्ट-अप्स पर दिनांक 25.03.2025 को श्री सुरेश कुमार कश्यप द्वारा पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *354 के भाग (क) से (घ) के उत्तर के संदर्भ में विवरण।

(क): सरकार ने भारत में तकनीकी वस्त्र के स्टार्ट-अप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) के तहत ग्रेट (GREAT) योजना "ग्रांट फॉर रिसर्च एंड एंटरप्रेनयोर एक्रोस एस्पायरिंग इनोवेटर्स इन टेक्निकल टेक्सटाईल्स" को शुरू किया है। ग्रेट योजना के तहत,प्रत्येक स्वीकृत प्रस्ताव को अधिकतम 50 लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाती है।

इसके अलावा, अब तक हिमाचल प्रदेश में स्थित किसी भी व्यक्ति/स्टार्ट-अप कंपनी को स्टार्ट-अप आवेदन मंजूर नहीं किया गया है।

(ख): अब तक एनटीटीएम की ग्रेट योजना के तहत 8.80 करोड़ रुपए की लागत से कुल सत्रह (17) स्टार्टअप प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। ये स्टार्टअप मुख्य रूप से राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन के अनुरूप स्पेशलिटी टेक्सटाइल्स, मेडिकल टेक्सटाइल्स, टेक्सटाइल कंपोजिट्स, हाई परफॉरमेंस टेक्सटाइल्स, सस्टेनेबल टेक्सटाइल्स, प्रोटेक्टिव टेक्सटाइल्स के विकास में काम कर रहे हैं। इन स्टार्टअप से भारत में तकनीकी वस्त्रों के निर्माण के लिए एक इकोसिस्टम बनाने और घरेलू बाजार के आकार में सुधार करने और आयात पर निर्भरता कम करने की आशा है।

(ग) और (घ): ग्रेट योजना जो कि मार्च 2026 तक के लिए वैध है, के तहत स्टार्ट अप हेतु आवेदन दिए जा सकते हैं।

****